दिनांकः 23.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

उदयपुर में होने वाले राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर तैयारियां ज़ोरों पर हैं। जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन ने भी कानून और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को तैनात कर दिया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून–व्यवस्था विशाल बंसल ने बताया कि समारोह को लेकर जिले के साथ प्रदेश की विभिन्न रेंज से 200 जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं प्रशासन ने शहर के थानाधिकारियों को रोजाना सभी सार्वजनिक स्थानों के साथ संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरनी रखने के निर्देश दिये हैं। विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर भी स्थानीय प्रशासन तैयारियों में लगा हुआ है।

.......................

राष्ट्रीय स्कूल बैंड स्पर्धा 6.0 का ग्रैंड फिनाले कल से नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम मे होगा। यह प्रतियोगिता 25 जनवरी तक चलेगी। रक्षा मंत्रालय के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय ग्रैंड फिनाले आयोजित कर रहा है। राज्य और अंचल स्तर पर प्रतिस्पर्धा के जरिए ग्रैंड फिनाले के लिए 13 राज्यों से 16 बैंड टीमों का चयन किया गया है। पहली बार तीन सरकारी स्कूलों की बैंड टीमों को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का अवसर मिला है।

.......................

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती आज देशभर में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य नेताओं ने भी नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर वहां उपस्थित विद्यार्थियों से बातचीत भी की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए नेताजी के बिगुल से लाखों भारतीय, स्वाधीनता संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित हुए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि नेताजी की वीरता, राष्ट्रवादी जोश और भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण योगदान लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में प्रदेशवासियों को पराक्रम दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि माँ भारती के लिए समर्पित उनका त्यागमय जीवन हमेशा राष्ट्र प्रेमियों को देश की सेवा और उन्नति के कामों के लिए प्रेरित करता रहेगा।

प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नेताजी को नमन किया जा रहा है। सवाईमाधोपुर में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने पथ संचलन किया। पथ संचलन में सुभाष चंद्र बोस सहित अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिकात्मक बच्चों से सजी झांकी निकाली गई। हनुमानगढ में विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालकर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।

.......................

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि देश का भविष्य होनहार विद्यार्थियों के हाथों में है। शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन का पालन करना ही सफलता का मूलमंत्र है। कल केन्द्रीय मंत्री ने अजमेर के किशनगढ़ में दो अलग–अलग विद्यालयों के वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में सांसद कोष सहित विभिन्न मदों से बने कक्षा–कक्षों का लोकार्पण किया। श्री चौधरी ने विद्यार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

.......................

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आज जालौर जिले के दौरे पर हैं। इस दौरान वे चितलवाना के पीएम श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में बनने वाले भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह भवन सवा चार करोड़ रुपये की लागत से भामाशाह के सहयोग से बनवाया जा रहा है।

……………………

राजस्थान आवासन मण्डल ने भुगतान प्रक्रिया आसान बनाते हुए इसे ऑनलाइन कर दिया है। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि अभी तक मण्डल के कार्यालयों द्वारा चैक से भुगतान किया जाता था। इससे अनावश्यक देरी होती थी और पारदर्शिता प्रभावित होती थी। इस पर रोक लगाने और कार्यकुशलता बढाने के उद्देश्य से ये निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि मण्डल आगे भी अपनी कार्यप्रणाली को बेहतर, प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए प्रयासरत रहेगा।

……………………